ब्रीफ न्यूज

कलेक्टर ने कंट्रोल रूम में उपस्थित न होने वालों को दिया नोटिस

रीवा, स्वतंत्रमत। कलेक्टर कार्यालय में बाढ़ आपदा तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम में 24 घंटे अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए हैं। कंट्रोल रूम में तैनात होने के आदेश का उल्लंघन करने पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 6 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। इनके द्वारा कंट्रोल रूम में उपस्थिति न देकर आदेश की अवहेलना करने तथा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत नोटिस दिया गया है। कलेक्टर ने सहायक मानचित्रकार घनश्याम शुक्ला, सहायक ग्रेड तीन पवन चौधरी, फोटोकॉपियर रामचन्द्र प्रसाद, चैनमैन चन्द्रमणि सेन, सहायक वर्ग तीन मयंक पटेल तथा अनुरेखक कृष्णधर द्विवेदी को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का संतोषजनक उत्तर न देने तथा 24 घंटे की समय सीमा में उपस्थित न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने 6 अधिकारियों को दिया नोटिस

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत चिन्हित सेवाएं समय सीमा में उपलब्ध न कराने पर 6 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने सीएमओ गोविंदगढ़ को जन्म प्रमाण पत्र न देने तथा सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा को आवेदक की आयु का चिकित्सकीय सत्यापन न करने पर नोटिस दिया है। कलेक्टर ने सीएमओ सेमरिया सुषमा मिश्रा को समय सीमा में विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी न करने तथा सीएमओ त्योंथर अजय कुमार पाण्डेय को राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि जारी न करने पर नोटिस दिया है। जेई श्रीमती शीया तिवारी को मीटर संबंधी शिकायत का निराकरण न करने तथा सीएमओ मनगवां हेमंत त्रिपाठी को समय पर नल कनेक्शन न देने पर नोटिस दिया है।

जेई के तानाशाही रवैये से सैनिक को नहीं मिल रहा बिजली का कनेक्शन

नजराना की राशि नही मिलने पर बना दिया गया चोरी का प्रकरण

रीवा स्वतंत्रमत

मामला शहर सभाग रीवा का है जहा पर मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड रीवा शहर सभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के मनमानी एवं तानाशाही रवैये से उपभोक्ता परेशान है चाहे मामला बिजली कनेक्शन का हो, खराब मीटर बदलना हो, बन्द मीटर पर 2500 रुपये प्रतिमाह बिलिंग करना या ओवर बिल का मामला हो, आये दिन मामले सामने आते रहते है लेकिन किसी मामले पर न ही कोई जांच एवं न ही कार्यवाही होती है।

जबकि मध्य प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रदेश की जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय सीमा पर देने को प्रतिबद्ध है। जिसके लिए सरकार ने अच्छे कर्मचारियों की नियुक्ति करती है और उन्हें अच्छा खासा वेतन भी देती है इसके बाद भी वो ईमानदारी से कार्य न करके नजराने की चाह मे लोगो को परेशान करते रहते है। एक मामला मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड रीवा शहर सभाग अमहिया से प्रकाश में आया है कि बिजली विभाग के जेई के कारगुजारी के चलते भारतीय सेना के सैनिक को बिजली का कनेक्सन इसलिये नही मिल पाया कि सैनिक ने जेई और लाइन मैन को रिश्वत नही दी। जिसके लिए सैनिक और उनकी पत्नी कनेक्शन के लिए 6 माह से कार्यालय का चक्कर लगा रही है और जेई कानून का पाठ पढ़ाता रहा। बताया जाता है कि भारतीय सेना में पदस्थ सैनिक अमरुद्ध तिवारी का मकान सामान थाना क्षेत्र के बेलौहन टोला में बना हुआ है जिसके लिए उन्होंने कनेक्शन हेतु दिनाक 1 जनवरी 2025 को आवेदन दिया था जिसमे उपभोक्ता द्वारा 3871 रुपये सिक्योरिटी मनी जमा किया गया। इसके बाद कनिष्ठ यंत्री संजय सिंह और लाइन मैन सुमित पाण्डेय द्वारा कहा गया कि मीटर के लिये 10 हजार रुपये लगेंगे यदि नही दोगे तो कनेक्शन नही होगा क्योंकि खंभे से घर की दूरी ज्यादा है ऐसा पीड़ित ने आरोप लगाया है।

इसके बाद 26 अप्रैल 2025 को एक खंभे के लिए इस्टीमेट 895340 रुपये का बनाया गया जिसका सुपरबीजन एमाउन्ट 3337 रुपये भी 27 अप्रैल को बिजली विभाग के खाते मे जमा कर दिया गया तब उक्त जेई में कहा कि इस्टीमेन्ट पास कराने के लिये 15000 रुपये लगेंगे पैसे नही देने पर जेई ने आईडी रोककर इस्टीमेंट अप्रूव नही किया गया। तब सैनिक ने अस्थायी कनेक्शन की मांग की तो लाइन मैन सुमित पांडेय ने कहा कि 1500 रुपये प्रतिमाह देते जाओ हम जेई साहब से बात कर लिए है कुछ नही होगा उन्होंने ऐसा आरोप लगाया है। इसके बाद 1500 के एवज में बिजली जलती रही और कनेक्शन में आनाकानी को जा रही थी बाद में मामला जैसे ही समाचार पत्र में पहुचा बौखलाए जेई संजय सिंह और सुमित पांडेय ने घर पहुच कर चोरी का प्रकरण बनवा दिए और नोटिस जारी किया गया। उक्त मामले के सम्बंध में पीड़ित व्यक्ति ने बताया है कि बिजली चोरी तो मैंने किया नही उनके कहने के अनुसार सेक्योरिटी मनी, सुपरबीजन राशि भी जमा किये है। जेई और लाइनमैन के कहने पर 1500 रुपये हर देता रहा कि इस माह कनेक्शन हो जाएगा लेकिन रिश्वत की राशि नही देने पर कलेक्शन तो नही मिला बल्कि उल्टा चोरी का प्रकरण बना दिया गया। जिसकी शिकायत बिजली विभाग के सीएमडी एवं मुख्य महाप्रबंधक से की है यदि इसके बाद भी हमे न्याय नहीं मिलता तो माननीय न्यायालय के शरण में जायेंगे।

उक्त मामले की जानकारी कार्यपालन अभियंता नरेन्द्र मिश्रा को भी है परन्तु वो भी जानकर अनजान बने हुये है। पीडित सैनिक ने रीवा के मुख्य अभियंता एवं कलेक्टर रीवा का ध्यान आकृष्ट कराते हुये सही जांच कर दोषी जेई और लाइन मैन पर कार्यवाही की मांग की है। ताकि अन्य उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

बिना सूचना के कार्यालय से गायब रहते हैं अधिकारी

12 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी, आपदा प्रबंधन के कंट्रोल रूम का मामला

रीवा, स्वतंत्रमत। रीवा में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत चिह्नित सेवाएं समय सीमा में उपलब्ध न कराने पर 6 अधिकारियों को नोटिस दिया गया है। ये नोटिस कलेक्टर प्रतिभा पाल ने लापरवाही पर जारी किया गया है। इसी तरह कंट्रोल रूम में तैनात 6 कर्मचारियों को भी नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत चिह्नित सेवाएं समय सीमा में उपलब्ध न कराने पर 6 अधिकारियों को नोटिस का तीन दिन में संतोषजनक जवाब न मिलने पर अर्थदंड की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने सीएमओ गोविंदगढ़ को जन्म प्रमाण पत्र न देने और सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा को आवेदक की आयु का चिकित्सकीय सत्यापन न करने पर नोटिस दिया है। कलेक्टर ने सीएमओ सेमरिया सुषमा मिश्रा को समय सीमा में विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी न करने और सीएमओ त्योंथर अजय कुमार पाण्डेय को राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि जारी न करने पर नोटिस दिया है। जेई सिया तिवारी को मीटर संबंधी शिकायत का निराकरण न करने और सीएमओ मनगवां हेमंत त्रिपाठी को समय पर नल कनेक्शन न देने पर नोटिस दिया है। बताया कि तीन दिन का कारण बताओ नोटिस दिया। नल कनेक्शन न देने पर नोटिस दिया है। बताया कि तीन दिन में नोटिस का जवाब न देने पर वेतन रोकने और अर्थदंड की कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह कलेक्ट्रेट कार्यालय में बाढ़ आपदा और अन्य प्राकृतिक आपदाओं में महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम में 24 घंटे अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए हैं। कंट्रोल रूम में तैनात होने के आदेश का उल्लंघन करने पर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने 6 अन्य कर्मचारियों को भी कारण बताओ नोटिस दिया है।

इनके द्वारा कंट्रोल रूम में उपस्थिति न देकर आदेश की अवहेलना करने और पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत नोटिस दिया गया है। कलेक्टर ने सहायक मानचित्रकार घनश्याम शुक्ला, सहायक ग्रेड तीन पवन चौधरी, फोटोकॉपियर रामचन्द्र प्रसाद, चैनमैन चन्द्रमणि सेन, सहायक वर्ग तीन मयंक पटेल और अनुरेखक कृष्णधर द्विवेदी को कारण बताओ नोटिस दिया है। बताया गया कि नोटिस का संतोषजनक उत्तर न देने और 24 घंटे की समय सीमा में उपस्थित न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

सुविधाघर का अभाव झेल रहे सब्जी मण्डी करहिया आने वाले किसान और व्यापारी

पूर्व में बने सुविधाघर में लगा ताला, चारों ओर गंदगी का साम्राज्य

रीवा, स्वतंत्रमत। शहर के करहिया क्षेत्र में निर्मित सब्जी मण्डी में प्रतिदिन आने वाले हजारों किसान, व्यापारियों सहित खरीदार सुविधाघर के अभाव में परेशान हो रहे हैं। कहने को यहां पर सुविधाघर बना हुआ है, किसानों ने बताया कि सुविधाघर में ताला लगा हुआ है, जिससे इसका उपयोग यहां आने वाले किसान, व्यापारी नहीं कर पाते। सुविधाघर होने के बावजूद लोगों को खुले में निवृत्त होना पड़ता है।

पुरूष के साथ महिला कृषक व महिला व्यापारी भी आती हैं : किसानों ने बताया कि वे लोग प्रतिदिन सब्जी वगैरह लेकर आ जाते हैं, जिसकी बिक्री होने में समय लग जाता है, ऐसे में किसी को निवृत्त होना हो तो उसके लिए सुविधाघर ही नहीं। सुविधाघर के बगल में बने यूरिनल की हालत भी खराब हो रही है, सुविधाघर के सामने जहां कीचड़ व बरसात का पानी भरा है वहीं यूरिनल के चारों ओर लोग गंदगी कर गए हैं, जिससे इसका उपयोग भी किसान व अन्य लोग नहीं कर पाते। पुरूष किसानों के साथ यहां महिला कृषक व महिला व्यापारी भी आती हैं, जिन्हें मजबूरी में खुले में निवृत्त होकर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है।

तराई क्षेत्र का लुकेश्वरनाथ मुनीराजन महादेव धाम श्रद्धालुओं की पहली पसंद

श्रावण मास में भोलेनाथ के दर्शन के लिए भक्तों की लगती है भीड़

जवा, स्वतंत्रमत। रीवा जिले के तराई क्षेत्र जवा अंतर्गत लूक ग्राम पंचायत और भनिगवा ग्राम पंचायत के बीचोबीच ऊंचे ऊंचे पहाड़ों और जंगलों में स्थित प्राचीन भगवान भोलेनाथ, श्री गणेश जी, माता दुर्गा और संकटमोचन भगवान बजरंगबली जी का मंदिर है इन सबके बीच अलौकिक सौंदर्य वृहद तालाब और पहाड़ो में झरना है जहा की अलौकिक सुंदरता, हरे भरे जंगलों के बीच पक्षियों की कौतूहल जंगली जानवरों की हलचल दृश्य को मनमोहक बना देती है जिसे देखने के लिए लोग दूर दूर से आते है यह ऐसा स्थान है कि इस स्थान को हर ऋतु में देखा जा सकता है जो देखने लायक होता है इसी जंगल के मंदिर के पास ऊंचे पहाड़ी पर भी एक मंदिर है जहा पर सभी लोगो के लिए मुश्किल है लेकिन वहां से नजारा किसी हिल स्टेशन से कम नही लगता है। जिसे देखते हुए लुकेश्वरनाथ धार्मिक सेवा संस्थान के संरक्षक व समाजसेवी बीड़ी पांडेय,करुणेद्र प्रसाद मिश्रा, गुड्डू मिश्रा सहित कई समाजसेवियों ने लुकेश्वरनाथ मंदिर परिसर को टूरिस्ट स्थान घोषित कराने की शासन प्रशासन से मांग की है ताकि देश विदेश से लोग आए और यहाँ के अदुभुत नजारा को देखकर आनंद उठाये। बता दे कि यहा पर 12 माह भक्तगणों के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन एवं रामचरित मानस का पाठ व नमः शिवाय का जाप किया जाता है जिनके मधुर स्वर से पूरा परिसर भक्तमय हो जाता है। जहा पर लुकेश्वरनाथ धार्मिक सेवा संस्थान के तत्वाधान में गत वर्ष की भांति श्रावण मास में लुकेश्वरनाथ मुनिराजन महादेव मंदिर में अनवरत चलने वाला नमः शिवाय का जाप इस वर्ष भी दिनांक 11 जुलाई से प्रारंभ किया गया है।

श्रावण मास की शुरुआत पर शिव मंदिर पहुंचे भक्त

मऊगंज, स्वतंत्रमत। मऊगंज के प्राचीन देवतालाब शिव मंदिर में श्रावण मास का पहला दिन श्रद्धालुओं की भीड़ से शुरू हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयघोष से गूंजायमान रहा। बारिश होने के बावजूद दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाया। उन्होंने परिवार और देश की समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर में महाप्रसाद का भंडारा लगा। मुंडन संस्कार, कर्ण छेदन और सत्यनारायण कथा के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। प्रशासन ने मेले की सुरक्षा के लिए कड़े प्रबंध किए। 150 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी गई। सिविल ड्रेस में भी जवान मौजूद रहे। श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए नईगढ़ी, मऊगंज और रीवा मार्ग पर पार्किंग की व्यवस्था की गई।

देवतालाब में हर हर महादेव के जयघोष गूंजे, मुंडन, कर्ण छेदन संस्कार किए

प्रधानमंत्री का वीजा निरस्त करे गृह मंत्रालय: शिव सिंह

रीवा, स्वतंत्रमत। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण मामले पर सवाल उठाते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग का यह असंवैधानिक कदम बीजेपी सरकार से प्रेरित है।

निर्वाचन आयोग का यह कहना कि आधार कार्ड एवं वोटर आईडी को नागरिकता का प्रमाण नहीं माना जा सकता है जबकि वोटर आईडी कार्ड निर्वाचन आयोग द्वारा स्वयं जारी किए जाते हैं। एडवोकेट शिव सिंह ने यह भी कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव को टारगेट कर भाजपा के इशारे पर निर्वाचन आयोग लोकतंत्र की जड़े काटने का काम कर रहा है। जबकि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने उक्त मामले की प्रारंभिक सुनवाई में ही स्पष्ट कर दिया है कि नागरिकता तय करना गृह मंत्रालय का काम है निर्वाचन आयोग का नहीं। श्री सिंह ने यह भी कहा कि गृह मंत्रालय स्पष्ट करे कि वीजा प्रमाण पत्र के लिए यदि आधार कार्ड एवं वोटर आईडी वैधानिक दस्तावेज नहीं है तो ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों के वीजा प्रमाण पत्र में संलग्न दस्तावेजों की जांच कराकर सबसे पहले प्रधानमंत्री एवं उनके अन्य मंत्रियों के वीजा प्रमाण पत्र गृह मंत्रालय निरस्त करे।

रीवा को हराभरा बनाने के लिये होगा वृहद पौधारोपण

रीवा, स्वतंत्रमत। रीवा को शहर को हराभरा बनाने के लिये वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है। शहर में विभिन्न रिक्त भूमियों में वृहद पैमाने पर तथा सड़कों के किनारे वृक्षारोपण कार्य किया जा रहा है। पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पीछे नदी के किनारे रिक्त भूमि में 40 हजार पौधे लगाये जायेंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल स्थल निरीक्षण किया तथा सभी तैयारियों पूर्ण करने के निर्देश दिये। स्थल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि भूमि के समतलीकरण के पश्चात गढ्डे खोदकर सभी आवश्यक तैयारियों सुनिश्चित करें तथा वृहद वृक्षारोपण के उपरांत इसकी सुरक्षा की भी व्यवस्था करें। उन्होंने बनिया तालाब के किनारे वृक्षारोपण की कार्ययोजना बनाकर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ल सहित नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

पिछले साल से 50 मिलीमीटर ज्यादा पानी गिरा

रीवा में पहले अब तक 81.5 मिलीमीटर औसत बारिश ही हुई थी

रीवा, स्वतंत्रमत। रीवा में एक जून से अब तक 171.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 192.8 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 127.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 296 मिलीमीटर, सिरमौर में 224.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 67 मिलीमीटर, सेमरिया में 175 मिलीमीटर, मनगवां में 160 मिलीमीटर तथा जवा में 130 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 81.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। यानी पिछले साल की अपेक्षा अब तक 50 मिलीमीटर बारिश अधिक हुई है। वहीं मौसम विभाग के द्वारा जारी ताजा आंकड़े के मुताबिक रीवा संभाग में एक जून से अब तक 311 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। संभाग में 10 जुलाई को 19 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 46 मिलीमीटर वर्षा मैहर जिले में दर्ज की गई। संभाग में एक जून से अब तक सर्वाधिक 505 मिलीमीटर वर्षा मऊगंज जिले में दर्ज की गई है। संभाग में इस अवधि में रीवा जिले में 171.6 मिलीमीटर, सतना में 253.6 मिलीमीटर, मैहर में 285 मिलीमीटर, सीधी में 356 मिलीमीटर और सिंगरौली जिले में 293.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

पिछले वर्ष इसी अवधि में संभाग में 149 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। संभाग की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1090.3 मिलीमीटर है। संभाग में सिंचाई के प्रमुख स्त्रोत बाणसागर बांध में 10 जुलाई को सुबह 8 बजे तक जल स्तर 338.88 मीटर तक पहुंच गया है। पिछले वर्ष 10 जुलाई तक इसका जल स्तर 332.31 मीटर पर था।

तेली घनी बोर्ड के विधानसभा प्रभारी बने बंसीलाल साहू

रीवा, स्वतंत्रमत। तेली घनी बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री रविकरण साहू ने रीवा के युवा समाजसेवी बंसीलाल साहू पिता स्वर्गीय संपत साहू को तेली घनी बोर्ड रीवा विधानसभा प्रभारी बनाया है। तेलघानी बोर्ड मध्यप्रदेश शासन बोर्ड के कार्यों के विस्तार हेतु संपूर्ण मध्यप्रदेश में विधानसभा प्रतिनिधियों की नियुक्ति किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें विधानसभा प्रतिनिधियों की भूमिका तेलघानी बोर्ड के कार्यों को विधानसभा स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने और समाज के विभिन्न वर्गों तक लाभ पहुंचाने के लिए विधानसभा प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इस कारण विधानसभा प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है। जिसे बंसीलाल साहू के शुभचिंतकों ने शाल श्रीफल भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान जगन्नाथ साहू, गुलाब गोलाहनी, राजीव तिवारी, कमलेश सचदेवा, संजीव गुप्ता, उपदेश पंसारी, अतुल जैन, नरेंद्र गुप्ता, परमजीत सिंह डंग, सीमा श्रीवास्तव, प्रकाश सोनी आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

119 शीशी कोरेक्स एवं एक बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

जनेह, स्वतंत्रमत। रीवा पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये गये नशे के विरूद्ध विशेष अभियान मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) त्यौंथर उदित मिश्रा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी जनेह कन्हैया सिंह की टीम द्वारा दिनांक 10/07/2025 को एक काले नीले रंग की हीरो स्प्लेन्डर बाइक में लाल नीले रंग के झोला में 119 नग नशीली कफ सिरप भरकर बिक्री करने के लिये रखे दो आरोपियो को किया गया गिरफ्तार। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि दो व्यक्ति जिनकी उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष है एक काले नीले रंग की हीरो स्पलेन्डर मो.सा. क्र. क्क-70 तङ्क 0038 से एक लाल नीले रंग का झोला मे नशीली कफ सीरफ बिक्री हेतु लेकर शंकरगढ से चन्दपुर तरफ जाएगे, मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम खभरा कला सुधाकर सिह के पानी प्लांट के सामने उक्त दोनों व्यक्तियो को पकडा गया जिसकी एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत आरोपियों को उनके अधिकारों से अवगत कराकर तलाशी ली गई तलाशी के दौरान उपरोक्त से एक लाल नीले रंग के झोला में कुल 119 शीशी WINGS ONREX COUGH SYRUP कीमती 23205 रूपये का बरामद हुआ। आरोपीगण 2 नफर को धारा 8,21,22 एनडीपीएस एक्ट 5/13 औषधि नियंत्रण अधिनियम में गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी गणों में प्रतीक कोरी पिता पन्नालाल कोरी उम्र 25 वर्ष निवासी झोटिया थाना जनेह जिला रीवा म.प्र. एवं रवि आदिवासी पिता जयनारायण आदिवासी उम्र 19 वर्ष निवासी डाढा कला थाना जनेह जिला रीवा म.प्र. शामिल है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरी. कन्हैया सिंह बघेल, प्रआर. 146 धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, प्र.आर. 515 श्यामलाल पाठक, प्र.आर. 948 जी. एल रावत, आर. 1152 अतुल सिंह, आर. 715 अखिलेश मौर्य, आर. 127 अनुज द्विवेदी, आर. 235 अमन सेन सराहनीय भूमिका थी।

प्रशिक्षण देने के लिए अतिथि व्याख्याताओं से 25 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

रीवा, स्वतंत्रमत। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र रीवा में प्रशिक्षण देने के लिए अतिथि व्याखाताओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में संस्था के प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण केन्द्र में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के अभ्यर्थियों को राज्य सिविल सेवा परीक्षा, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी तथा मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण दिया जाना है। इन प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए योग्य एवं अनुभवी व्याख्याताओं से आगामी 25 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

निर्धारित अर्हता रखने वाले इच्छुक आवेदक अपने आवेदन पत्र शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र केन्द्र के ईमेल पीईटीसीआईडब्ल्यूए एट द रेट जीमेल डॉट कॉम अथवा रजिस्टर्ड डाक से भी भेजा जा सकता है। प्राचार्य ने बताया कि आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में अध्यापन किए जाने विषय एवं संबंधित प्रतियोगी परीक्षा का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

आवेदक संबंधित विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की हो अथवा किसी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान जहाँ से प्रशिक्षणार्थियों का चयन प्रतियोगी परीक्षाओं में होता रहा हो, में संकाय का सदस्य रहा हो। अतिथि व्याख्याताओं के चयन के लिए गठित समिति द्वारा व्याख्याताओं का पैनल तैयार किया जाएगा। अतिथि व्याख्याताओं को समय-समय पर आयोजित होने प्रशिक्षण में उन्हें व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया जाएगा तथा शासन द्वारा निर्धारित मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

सावन के पहले दिन से ही शिवालयों में लगा भक्तों का तांता

महादेव के भक्तों को श्रावण मास यानी सावन का बेसब्री से इंतजार रहता है। शुक्रवार को सावन माह की शुरूवात में जिले के सभी शिव मंदिर में शिव की पूजा शिव अभिषेक करने बड़ी संख्या में शिव भक्त पहुंचे। इसके साथ ही सावन मास में रामचरित्र मानस पाठ की भी शुरुआत लोगों ने की जो अनेक मंदिरों में निरंतर सावन मास तक चलती है। शुक्रवार को सुबह नगर के मठ मंदिर में शिव की पूजा श्रद्धालुजनों ने की। वहीं मंदिर परिसर में ही श्रद्धालुजनों ने अखंड राम चरित्र मानस पाठ का वचन भी शुरू किया।

सिवनी/स्वतंत्रमत

शास्त्रों के अनुसार, सावन का महीना भगवान शिव को सबसे ज्यादा प्रिय है। सावन के महीने का हर दिन, विशेष रूप से सावन के सभी सोमवार और 16 सोमवार के खास दिन भगवान शिव की पूजा-उपासना करने से जीवन की हर समस्या का निवारण मिलता है।

आज से सावन का पवित्र महीना - शुरू हो रहा है, जो 09 अगस्त तक चलेगा। सावन का महीना भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना होता है। पूरे सावन माह में शिवजी की आराधना होती है।

भगवान विष्णु के चार माह के लिए योग निद्रा में जाने से सृष्टि का संचालन सावन के एक महीने में महादेव करते हैं। हिंदू धर्म में सावन के महीने को बहुत ही शुभऔर पवित्र माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में भगवान शिव जल्दी प्रसन्न होते हैं और

हर तरह की मनोकामनाओं को पूरा करते हैं। सावन के महीन में शिवलिंग पर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक करते हैं और कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। आइए जानते हैं सावन माह कैसे करें भोलेनाथ को प्रसन्न, संपूर्ण पूजा विधि और धार्मिक मान्यताएं।

हिंदू पंचांग के अनुसार, हर वर्ष श्रावण माह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है और पूर्णिमा तिथि को खत्म हो जाता है। इस वर्ष सावन माह 11 जुलाई से शुरू होकर 09 अगस्त 2025 तक रहेगा। पूरे 30 दिनों का सावन माह इस बार होगा। पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 11 जुलाई को सुबह 2 बजकर 6 मिनट तक रहेगी, फिर इसके बाद शिवजी का सबसे प्रिय महीना श्रावण शुरू हो जाएगा। इस वर्ष सावन माह में चार सावन सोमवार व्रत रखे जाएंगे। श्रावण माह का पहला सोमवार व्रत 14 जुलाई को, दूसरा सावन सोमवार 21 जुलाई को, तीसरा सावन सोमवार 28 जुलाई को और चौथा सावन सोमवार 04 अगस्त को रहेगा।

विधायक ठा.रजनीश हरवंश ने झोतेश्वर में पूजन अर्चन किया

सिवनी/स्वतंत्रमत

केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह जी ने गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर पहुंचकर गुरुजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। सर्वप्रथम विधायक विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने द्विपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री की समाधि स्थल में पूजन अर्चन किया तत्पश्चात अनंत विभूषित द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज श्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात माँ भगवती राज राजेश्वरी त्रिपुर सिंदूर मंदिर पहुंचकर माँ भगवती की आरती पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर पादुकापूजन कर जगतगुरु

शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज श्री के मुखारविंद से दिव्य अमृतमयी वाणी का श्रवणपान कर पुन्य लाभ अर्जित किया। इस शुभ अवसर पर साथ ही समस्त श्रद्धालुओं जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही

खेत के गहरे गड्ढे में गिरा 5 साल का मासूम, मौत

सिवनी/स्वतंत्रमत

बरघाट से लगभग 2 किलोमीटर दूर मानेगांव कला में गुरुवार की शाम खेत के एक गहरे कुआंनुमा गड्ढा में मासूम बालक के गिर जाने से मौत हो गई। बालक की मौत की खबर से परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है, वही गांव में शोक की लहर फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर 2 बजे 5 वर्षीय बालक निहाल ठाकुर पिता ज्वाला सिंह ठाकुर खेलने गया था। खेत के टाके में खेलते खेलते गिर गया, बारिश के चलते खेत के टांका में लबालब पानी भरा हुआ था। परिजनों को जब बालक शाम 4.30 बजे तक कहीं नजर नहीं आया तो वह चिंतित हो उठे और बालक की तलाश में जुड़ गए, वही खेत के पास पानी से भरे गहरे गड्ढे के समीप मासूम बालक की चप्पल उन्हें नजर आई और बालक कहीं भी नहीं दिखा। उक्त घटना की जानकारी उन्होंने गांव वालों को दी। गड्ढे में जब कुछ लोग बालक की तलाशी में नीचे उतरे और उन्हें वहां पानी में दबे बालक का शव मिला।

सेंट आर- सेटी सिवनी में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सिवनी/स्वतंत्रमत

गुरूवार 10 जुलाई 2025 को विधिक न्यायालय द्वारा सेंट आर- सेटी सिवनी में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रवि कुमार नायक एवं विधिक सहायक अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला उपस्थित हुए। इनके द्वारा कानूनी व्यवस्थाएं एवं अन्य कानूनी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में आर सेटी निदेशक एवं समस्त स्टॉफ तथा प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

सिवनी/स्वतंत्रमत

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हुआ भव्य आयोजन इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हाल में सरस्वती पूजा और गुरु वंदना के पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी के मुख्य अतिथ्य में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। उसके पश्चात् महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर सरस्वती पूजा और गुरु वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई मतगणना

भाजपा प्रत्याशी श्रीमती निधि दुबे 527 मतों से हुईं विजय

सिवनी/स्वतंत्रमत

गुरूवार 10 जुलाई को सिवनी नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद पद निर्वाचन की मतगणना जिला मुख्यालय के पॉलिटेक्निक कॉलेज में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। ईव्हीएम के माध्यम से हुई मतगणना में अभ्यर्थी श्रीमती निधि दुबे 527 मतों से विजय घोषित हुईं। श्रीमती निधि दुबे को 817 मत तथा अभ्यर्थी श्रीमती आरती शाह को 290 मत प्राप्त हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने विजय अभ्यर्थी को प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर प्रेक्षक श्री पी के वर्मा, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

15 वर्षों से सिवनी में जमे राजस्व निरीक्षक रतन शाह उईके पर न प्रशासन का जोर, न राजनीतिक दखल का असर

सिवनी जिले में एक बार फिर से प्रशासनिक प्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं, जहां राजस्व निरीक्षक रतन शाह उईके का 17 जून 2025 को सिवनी से कुरई स्थानांतरण आदेश जारी हुआ, लेकिन हफ्तों बाद भी वे अपने मूल पद पर डटे हुए हैं। यह पहला मौका नहीं है, जब उईके का तबादला हुआ हो और उसे अमल में नहीं लाया गया हो। 3 वर्ष पूर्व भी स्थानांतरण आदेश निर्गत हुआ था, लेकिन अधिकारियों की 'मिलीभगत' और 'राजनीतिक पकड़' के चलते वे यथावत बने रहे।

स्थानांतरण आदेश के बावजूद नहीं हो सकी कार्यमुक्ति, सिवनी से कुरई हुआ तबादला फिर भी बने हुए हैं पद पर काबिज

सिवनी/स्वतंत्रमत

रतन शाह उईके पिछले 15 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ हैं, जो साफ तौर पर स्थानांतरण नीति और प्रशासनिक पारदर्शिता

का मज़ाक उड़ाता है। क्षेत्र में लोग इन्हें अंगद के पैर की संज्ञा दे रहे हैं, जिन्हें न सत्ता बदल सकी और न ही प्रशासनिक आदेश। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो कलेक्टर द्वारा स्थानांतरण सूची में इनका नाम शामिल किया गया था, लेकिन न तो संबंधित विभाग ने रिलीविंग आदेश जारी किया, न ही कोई स्पष्ट जवाब दिया जा रहा है कि आखिर उन्हें स्थानांतरित क्यों नहीं किया गया।

जनता के उठते सवाल

1. क्या रतन शाह उईके पर कोई विशेष राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण है
2. यदि स्थानांतरण अमल में लाना ही नहीं था, तो उसे प्रसारित क्यों किया गया?
3. स्थानांतरण नीति का पालन न करना क्या कलेक्टर की कार्यप्रणाली पर सवाल नहीं उठाता?

इस मामले ने प्रशासनिक कार्यशैली, निष्पक्षता और राजनीतिक हस्तक्षेप पर गहरे प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। लोगों में यह चर्चा जोरों पर है कि क्या वाकई कुछ अधिकारी %सबसे ऊपर होते हैं ।

यदि प्रशासन ऐसे मामलों में गंभीर नहीं हुआ, तो यह उदाहरण अन्य अधिकारियों के लिए भी अनुचित स्थायित्व का आधार बन सकता है, जिससे भ्रष्टाचार और जनहित की उपेक्षा को बल मिलेगा

राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट संगठन ने प्रधानमंत्री के नाम से एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लखनादौन

ज्ञापन मै सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शामिल हो कर जिसमें राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला अध्यक्ष गिरिराज सिंह ठाकुर संयोजक ममता सहगल सुदामा गुप्ता एडवोकेट बंटी वर्मा एडवोकेट कन्हैया यादव मनीष केसरवानी सुदर्शन सुनील केसरवानी और अन्य कार्य करता भी शामिल हुए। जनसंख्या विस्फोटक जनसांख्यिकीय अंशतुलन के कारण भारत राष्ट्र के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों के समाधान के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अभिलंब लागू करने के संबंध में सरकार द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 भारत करने तथा 22 अप्रैल को कश्मीर पहलगाम में पाकिस्तान समर्पित आतंकवादी द्वारा भारत के निर्दोष नगरों को धर्म पूछ कर हत्या के बाद ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को नष्ट करने की चुनौती खुली छूट देने के सैनिक निर्णय की राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट सराहना करता है

राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट संगठन ने देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री से अपील की है एवं व्यक्तियों द्वारा एक से अधिक पत्नियां रख कर दो से ज्यादा बच्चे पैदा न करने की अपील की है और और दो से ज्यादा जो बच्चा पैदा करता है उनका शासन के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ से वंचित किया जाए अन्य कार्य करता भी शामिल हुए।

दैनिक स्वतंत्र मत समाचार पत्र ,समाचार विज्ञापन एवं समाचार पत्र की प्रतियां प्राप्त करने के लिए संपर्क करें

बरघाट केवलारी लखनादौन कुरई सभी ब्लाकों में एजेंसी लेने के लिए संपर्क करें
राकेश मालवीय ब्यूरो चीफ सिवनी 9301881007
शरद दुबे कार्यालय प्रभारी 8878010849

सोनू पाराशर की हत्या, संदिग्ध हालात में मिला शव ,जांच मे जुटी पुलिस

सिवनी/स्वतंत्रमत

शहर के बारापत्थर क्षेत्र के निवासी और राजनीतिक परिवार से जुड़े पवन उर्फ सोनू पाराशर का शव मानेगांव के समीप एक गड्ढे में संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ। दो दिन से लापता चल रहे सोनू का शव शुक्रवार दोपहर मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। डूंडासिवनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस मामले की जानकारी मिलते ही डूंडासिवनी थाना प्रभारी सतीश तिवारी और कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बामनकर मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर दोनों थानों की पुलिस टीम पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शास्त्री वार्ड निवासी सोनू पाराशर (उम्र लगभग 45 वर्ष) को आखिरी बार मंगलवार रात मानेगांव क्षेत्र में कुछ लोगों के साथ स्कूटी पर देखा गया था। इसके बाद से वह लापता हो गए। परिजनों और स्थानीय लोगों ने उनकी खोजबीन शुरू की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली गुरुवार को उनकी एक्टिवा स्कूटी मानेगांव की झाड़ियों के पास खड़ी मिली, जिससे आशंका और गहराने लगी। इसके बाद शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे पास के एक गड्ढे में भारी बारिश का पानी भरा होने के चलते तलाशी अभियान चलाया गया। जब गड्ढे से पानी बाहर निकाला गया, तब उसमें सोनू पाराशर का शव दिखाई दिया।

शव की स्थिति को देखते हुए यह स्पष्ट होता है कि सोनू की हत्या कर शव को गड्ढे में छिपाया गया। सूत्रों की मानें तो शरीर में पत्थर बांधकर उसे डुबोया गया था, ताकि शव बाहर न आ सके। पुलिस ने इस घटना को प्रथम दृष्टया हत्या मानते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

सोनू पाराशर का शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल है।

स्थानीय लोग इस घटना को लेकर स्तब्ध हैं और जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल्स, और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर सुराग तलाशने में जुटी हुई है।

सड़कों पर आवारा घूम रहे गोवंश हिंदूवादी संगठनों एवं राजनीतिक दलों ने बांधी आंखों में काली पट्टी

सिवनी/स्वतंत्रमत

सड़कों और आवारा घूमते गौ वंश को सुरक्षित स्थान प्रदान करने बाबत। नगर पालिका परिषद अंतर्गत आने वाले सभी मार्गों में जिस तरीके से गांव वंश आवारा तरीके से घूम रहा है एवं दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है ऐसी स्थिति में हिंदू सेवा परिषद इस ज्ञापन के माध्यम से नगर पालिका से यह निवेदन करता है कि वह शहर की सड़कों पर आवारा घूम रही सभी गौ वंश को सुरक्षित स्थान पर ले जाने का कष्ट करें एवं सुरक्षा प्रदान करें साथ ही गांव वंश के इलाज हेतु वेटरनरी डॉक्टर की भी व्यवस्था करें।

ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों में बहुत सी गौ वंश गाड़ियों के एक्सीडेंट से हताहत हुई हैं जिनकी सुरक्षा करना नगर पालिका परिषद की नैतिक जवाब देही है।

इस ज्ञापन के माध्यम से हिंदू सेवा परिषद जिला सिवनी आपसे अनुरोध करता है कि कृपया गोवंश पलक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और जुर्माना भी किया जाए जिससे गऊ पालक अपने-अपने गोवंश को बंद कर रखें नगर पालिका परिषद कड़ा कदम उठाकर गौ वंश को प्रदान करें अन्यथा हिंदू सेवा परिषद 3 दिन बाद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

उपस्थित रहे प्रदेश सहसचिन धनराज मानाठाकुर,, पिंकेश विश्वकर्मा जिला महासचिव,, गुरु श्रीवास जिला गौ रक्षा प्रमुख,,प्रीत हिंदू,, जतिन, मांस यादव,,दीपू सनोडिया,, जय रजक,,दीपू ,, श्रीवास्तव,,अज्जू बेजुबानशी ,,कुशाल सनोडिया,, राज ,,दादू,धीरज उइके और अन्य सदस्य भी शामिल रहे।

जिले का एक मात्र 100 बिस्तर वाला अस्पताल आईएसओ सर्टिफाईड 9001:2008

जिंदल हॉस्पिटल डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च सेंटर

ब्लड बैंक सुविधा उपलब्ध. सिवनी में पहली 1.5 टेस्ला एमआरआई ऑप्टिकल टेक्नोलॉजी यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।

हमारी सुविधाएं: एम.आर.आई.,सी.टी. स्केन,डायलिसिस,पैथोलॉजी (सभी प्रकार की जाँच सुविधा)ऑपरेशन सुविधा: हड्डी जोड़ने के लिये नैलिंग प्लेटिंग, रॉड एण्ड इम्प्लांट फिक्सेशन, बिना टांके के बच्चादानी ऑपरेशन, हिप्स और घुटने का रिप्लेसमेंट

दलसागर तालाब के पास भगत सिंह वार्ड सिवनी मो.- 6260196758

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-डइकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जाँच सुविधा)

जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल

बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा

24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।

एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए. एस.एस.(गणित, भैतिक.रसायन) बी.कॉम एम.कॉम डी.एड.(सभी ऑनलाईनप्रक्रिया)

डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी

Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation

CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886